facebook.com/thebharatshri
twitter.com/thebharatshri
website thebharatshri

राष्ट्र को एक सूत्र में बांधते हैं हम

भारत श्री

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक

सोमवार, 28 जुलाई 2025 ● वर्ष 7 ● अंक 01 ● मूल्यः 5 रुपए

अब दिल्ली की रातें भी...

पूज्य गुरुदेव जी ने कहा कि सबसे बड़ी गुरु दुर्गा मां है, यह सत्य है क्योंकि बच्चों की नींव, मां की कोख में बीज मंत्रों से रखी जाती है।

पेज-10-11

सद्गुरु वाणी



दिव्य पाठ से मस्तिष्क जाग्रत अवस्था में आ जाता है। मस्तिष्क में ज्ञान का प्रवाह विद्युत की भांति तरंगित हो उठता है। इसके विवेक को अकल्पनीय ऊर्जा मिलती है।

●

तथाकथित गुरु और संत हमें चिंतन नहीं देते बल्कि भयभीत कर के चिंता दे देते हैं। सच्चा गुरु वही है जो मनुष्य को चिंताओं और भय से मुक्त करे।

●

भौतिक संपन्नता के बावजूद पश्चिम जगत के देश दुखी हैं। केवल अध्यात्म और दिव्या पाठ ही सच्चा सुख प्रदान करने में सक्षम हैं।

ऑपरेशन सिंदूर

से आतंकवाद पर करारा वार

अमित शाह ने लोकसभा में सुनाया 'महादेव' का पूरा लेखा-जोखा

@ भारतश्री ब्यूरो

लोकसभा में मंगलवार को जब गृह मंत्री अमित शाह ने "ऑपरेशन सिंदूर" और "ऑपरेशन महादेव" को लेकर विस्तृत बयान दिया, तो सदन में सन्नाटा था और देशभर की निगाहें टीवी स्क्रीन पर। उनकी आवाज़ में दृढ़ता थी, शब्दों में तथ्यों की ताकत और उद्देश्य साफ था देश को यह बताना कि अब भारत आतंक पर "डोज़ियर" नहीं, "जवाबी हमला" करता है।

धर्म पूछकर निर्दोषों की हत्या अब नहीं बख्शे जाएंगे

गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए बर्बर आतंकी हमले का ज़िक्र करते हुए कहा कि, "जिस तरह निर्दोष नागरिकों को उनके धर्म पूछकर, परिवार के सामने मारा गया, वह न केवल क्रूरता की चरमसीमा थी, बल्कि मानवता के लिए कलंक भी थी।" उन्होंने कहा, "सरकार और सुरक्षा बलों ने इसका माकूल जवाब दिया है। उन्होंने बताया कि भारतीय सेना, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस के संयुक्त "ऑपरेशन महादेव" में तीन ए-ग्रेड आतंकियों को ढेर कर दिया गया। ये वही आतंकी थे जिन्होंने पहलगाम में नागरिकों पर हमला किया था।

तीनों आतंकियों की शिनाख्त पूरी तरह पुष्टि के बाद

शाह ने कहा कि मारे गए आतंकियों की पहचान सुलेमान उर्फ फैजल, अफगान और जिबरान के रूप में हुई है। "इन तीनों के शवों की शिनाख्त उन चार लोगों ने की जिन्हें पहले ही हिरासत में लिया गया था, जो इन्हें रसद पहुंचाते थे। बरामद कारतूसों से भी हमले की पुष्टि हुई।"इन तीनों का संबंध आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से था। सुलेमान A-श्रेणी का कमांडर था। अफगान और जिबरान भी A-श्रेणी के आतंकवादी थे।

9 आतंकी ठिकानों को किया नेस्तनाबूद

गृह मंत्री ने बताया कि 30 अप्रैल को CCS की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुरक्षाबलों को पूर्ण ऑपरेशनल स्वतंत्रता दी थी। उसके बाद 7 मई को केवल 20 मिनट चले ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान की धरती पर मौजूद 9 आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया गया।अमित शाह ने जोर देकर कहा, "इस ऑपरेशन में एक भी पाकिस्तानी नागरिक नहीं मारा गया। केवल आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया।" साथ ही बताया गया कि 100 से अधिक आतंकियों को मार गिराया गया।

"अब डोज़ियर नहीं, सटीक जवाब दिया जाएगा"

शाह ने कहा, "यह मनमोहन सिंह की सरकार नहीं है जो सिर्फ फाइलों में डोज़ियर जमा करती रहे। अब भारत हमला करेगा, और जवाब देगा।"उन्होंने बताया कि 9 मई को पाकिस्तान के 11 हवाई ठिकानों पर जवाबी हमला किया गया। इनमें से 8 ठिकानों पर हमले इतने सटीक थे कि पाकिस्तान की वायु रक्षा प्रणाली तक निष्क्रिय हो गई।

चिदंबरम पर निशाना, विपक्ष की चुप्पी पर तंज

शाह ने विपक्ष पर तीखा प्रहार करते हुए कहा, "मुझे आशा थी कि पहलगाम हमले के दोषियों के मारे जाने पर पूरा सदन एकजुट होकर सराहना करेगा, लेकिन विपक्ष में चुप्पी छाई रही। क्या आप इस पर खुश नहीं हैं?" उन्होंने पूर्व गृहमंत्री पी. चिदंबरम के उस बयान पर भी प्रतिक्रिया दी जिसमें उन्होंने पूछा था कि "क्या सबूत है कि आतंकी पाकिस्तान से आए थे?" अमित शाह ने कहा, "ये सवाल इस देश के पूर्व गृहमंत्री से नहीं, पाकिस्तान के किसी वकील से आने चाहिए थे।"उन्होंने बताया कि मारे गए आतंकियों के पास से पाकिस्तान में बनी चॉकलेट, वोटर आईडी नंबर और अन्य दस्तावेज मिले हैं, जो यह साबित करते हैं कि वे पाकिस्तान से ही आए थे।

"महादेव सिर्फ सैन्य कार्रवाइयां नहीं"

अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत अब आतंकियों को उनके अड्डों में घुसकर मारने में संकोच नहीं करता। "हमने न केवल उन आतंकियों को मारा जिन्होंने निर्दोषों को मारा था, बल्कि उनके भेजने वालों को भी बेअसर किया।"उन्होंने बताया कि पहलगाम हमले के तुरंत बाद वे खुद पीड़ित परिवारों से मिले थे और जो दुख उन्होंने देखा, वह शब्दों में नहीं बताया जा सकता।"ऑपरेशन सिंदूर" और "महादेव" सिर्फ सैन्य कार्रवाइयां नहीं, बल्कि यह संकेत हैं कि भारत अब सिर्फ प्रतिक्रिया नहीं करता, बल्कि कार्रवाई करता है।जहां एक ओर सरकार ने आतंकियों को बारीकी से ट्रैक कर ढेर किया, वहीं दूसरी ओर पाकिस्तान की ज़मीन पर मौजूद आतंकी ठिकानों को सटीक हमले में तबाह कर दिया गया।

MN DIVINE

ORDER ALL TYPES OF :

- POOJA SAMAGRI,
- AYURVEDIC MEDICINE
- AND PRATIMA.

NOW GET AT YOUR HOME ON

MNDIVINE.COM

ORDER NOW

https://mndivine.com/

HELPLINE : 9667793986
(10AM TO 6PM, MON-SAT)

राष्ट्र को एक सूत्र में बांधते हैं हम
भारत श्री

अब दिल्ली की रातें भी महिलाओं की होंगी

नाइट शिफ्ट में काम करने की मिली इजाज़त



@ मोहित प्रजापति

दिल्ली की कार्य संस्कृति में एक बड़ा बदलाव होने जा रहा है। राजधानी में अब महिलाएं भी रात्रिकालीन पाली (नाइट शिफ्ट) में काम कर सकेंगी। दिल्ली सरकार ने महिलाओं को 24x7 यानी चौबीसों घंटे कार्य करने की अनुमति दे दी है। इस ऐतिहासिक निर्णय को महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक निर्णायक कदम माना जा रहा है।

सरकार की ओर से यह स्पष्ट किया गया है कि इस अनुमति के साथ-साथ महिला कर्मचारियों की सुरक्षा और सुविधा के लिए सख्त प्रावधान भी लागू किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि "दिल्ली को 24x7 बिज़नेस हब बनाना है, तो उसमें महिलाओं की भागीदारी अनिवार्य है। हम उनकी सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करेंगे।"

वेतन और अन्य लाभों के लिए भी स्पष्ट नियम

सरकार ने यह भी निर्देश दिया है कि महिलाओं को दिए जाने वाले वेतन, बोनस, ओवरटाइम भुगतान, और अन्य सभी लाभ पूर्ण रूप से कानूनी प्रावधानों के अनुसार ही दिए जाएंगे। इसके अंतर्गत निम्नलिखित शामिल हैं:

वेतन भुगतान केवल बैंक/ईसीएस के माध्यम से।

ईएसआई, पीएफ, बोनस सहित सभी वैधानिक लाभ देना अनिवार्य।

साप्ताहिक अवकाश, ओवरटाइम भुगतान और कार्य घंटे की समय-सीमा का कड़ाई से पालन करना अनिवार्य होगा।

कानून में दी गई छूट

दिल्ली में दुकान एवं स्थापना अधिनियम, 1954 के अंतर्गत अब तक महिलाओं को गर्मियों में रात 9 बजे से सुबह 7 बजे तक और सर्दियों में रात 8 बजे से सुबह 8 बजे तक काम करने की अनुमति नहीं थी। लेकिन अब सरकार ने इस कानून की धारा 14, 15 और 16 में संशोधन कर छूट देने का निर्णय लिया है।मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि इस प्रस्ताव को दिल्ली के उपराज्यपाल के पास मंज़ूरी के लिए भेजा जा रहा है और इस पर पूर्व चर्चा हो चुकी है। उपराज्यपाल का सहयोग मिलने की पूरी संभावना है।

अन्य राज्यों की तरह दिल्ली भी अब आगे

भारत के कई राज्यों जैसे कि हरियाणा, तेलंगाना, मध्य प्रदेश और तमिलनाडु में पहले से ही महिलाओं को रात्रिकालीन कार्य की अनुमति है। अब दिल्ली भी इस पंक्ति में शामिल हो गई है।मुख्यमंत्री ने कहा, "दिल्ली एक वैश्विक शहर है। यदि हम इसे 24x7 आर्थिक गतिविधियों वाला शहर बनाना चाहते हैं, तो महिलाओं की भागीदारी आवश्यक है।" उन्होंने यह भी कहा कि महिलाओं की भागीदारी से न केवल आर्थिक गतिविधियाँ बढ़ेंगी, बल्कि यह कदम महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी मील का पत्थर होगा।

कड़े सुरक्षा प्रावधान अनिवार्य किए गए

- महिलाओं को रात में कार्य की अनुमति देने के साथ-साथ सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि काम के स्थान पर महिलाओं को पूरी सुरक्षा मिले। इसके तहत निम्नलिखित प्रावधान अनिवार्य किए गए हैं:
- रात्रि पाली में कार्य करने से पहले महिलाओं की लिखित सहमति आवश्यक होगी।
- हर वाणिज्यिक प्रतिष्ठान में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।
- महिलाओं के लिए सुरक्षित परिवहन की व्यवस्था कंपनी को करनी होगी।
- परिसर में पर्याप्त संख्या में प्रशिक्षित सुरक्षा गार्ड तैनात करने होंगे।
- कार्यस्थल पर रेस्ट रूम, टॉयलेट, लॉकर आदि की सुविधाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाएंगी।
- कार्यस्थल पर POSH कानून के तहत आंतरिक शिकायत समिति गठित करना अनिवार्य होगा।

दिल्ली में महिलाओं के लिए खुला नया अवसर

दिल्ली की कई पेशेवर महिलाओं ने इस निर्णय का स्वागत किया है। आईटी सेक्टर, हेल्थकेयर, कस्टमर सर्विस, हॉस्पिटैलिटी जैसी इंडस्ट्री में पहले से ही नाइट शिफ्ट आवश्यक मानी जाती है। ऐसे में महिलाओं को समान अवसर मिलना जरूरी था।साक्षी शर्मा, एक बीपीओ कर्मचारी, कहती हैं, "रात की शिफ्ट में काम करने की इच्छा थी, लेकिन सुरक्षा को लेकर परिवार चिंतित रहता था। अब सरकार की जिम्मेदारी तय होने से हमें और हमारे परिवार को विश्वास मिलेगा।" सरकार ने यह स्पष्ट किया है कि यदि कोई कंपनी इन शर्तों का पालन नहीं करती है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। दिल्ली सरकार का श्रम विभाग इस पर नियमित निगरानी करेगा और सुरक्षा मानकों की समीक्षा भी की जाएगी।यह निर्णय न केवल दिल्ली की कार्य संस्कृति को नया आयाम देगा, बल्कि महिला सशक्तिकरण और आर्थिक स्वतंत्रता की दिशा में भी एक मजबूत कदम है।

पीएम मोदी की विदेश यात्राओं का हिसाब-किताब: खर्च, तुलना और फायदे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश यात्राओं पर होने वाला खर्च हमेशा से चर्चा का विषय रहा है। बीते कुछ सालों में उनकी विदेश यात्राओं पर सरकार ने कितना खर्च किया? क्या यह खर्च पिछले प्रधानमंत्रियों की तुलना में ज्यादा है या कम? क्या सूचना के अधिकार (RTI) से मिली जानकारी और सार्वजनिक रिपोर्ट्स में कोई अंतर है? और सबसे अहम, क्या इन यात्राओं से भारत को आर्थिक और रणनीतिक फायदा हुआ है? साथ ही, क्या भारत जैसे बड़े लोकतंत्र के नेता की तुलना में दूसरे देशों के नेताओं के खर्च में कोई समानता या अंतर है? इस लेख में हम इन सभी सवालों का जवाब आसान और साफ-साफ हिंदी में देंगे।

पांच साल में पीएम मोदी की यात्राओं पर कितना खर्च?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यकाल में कई विदेश यात्राएं की हैं, जो भारत की विदेश नीति को मजबूत करने और ग्लोबल मंच पर देश की साख बढ़ाने के लिए जरूरी मानी जाती हैं। हाल ही में 25 जुलाई 2025 को राज्यसभा में विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने बताया कि 2021 से 2024 तक पीएम मोदी की 33 विदेश यात्राओं पर कुल 295 करोड़ रुपये खर्च हुए। इसके अलावा, 2025 में अब तक पांच देशों (अमेरिका, फ्रांस, थाईलैंड, श्रीलंका, और सऊदी अरब) की यात्राओं पर 67 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। यानी कुल मिलाकर 2021 से 2025 तक 362 करोड़ रुपये का खर्च हुआ है।

कुछ खास यात्राओं का खर्च इस प्रकार है:

2023 में अमेरिका यात्राः 22.89 करोड़ रुपये

2024 में अमेरिका यात्राः 15.33 करोड़ रुपये

2023 में फ्रांस यात्राः 25.59 करोड़ रुपये

2023 में मिस्र यात्रा (विज्ञापन और प्रसारण पर): 11.90 लाख रुपये

2024 में नेपाल यात्रा: 80 लाख रुपये

ये आंकड़े दिखाते हैं कि कुछ यात्राएं, जैसे अमेरिका और फ्रांस की, काफी महंगी रही हैं, जबकि नेपाल और भूटान जैसे पड़ोसी देशों की यात्राएं कम खर्चीली थीं। 2014 से 2018 तक के आंकड़ों के अनुसार, पीएम मोदी ने 55 महीनों में 92 देशों की यात्रा की, जिन पर कुल 2,021 करोड़ रुपये खर्च हुए। इसमें चार्टर्ड फ्लाइट्स, विमानों का रखरखाव, और हॉटलाइन सुविधाएं शामिल थीं।

पहले के पीएम की यात्राओं का खर्च: तुलना कैसी?

पिछले प्रधानमंत्रियों की विदेश यात्राओं के खर्च की तुलना करें तो कुछ दिलचस्प बातें सामने आती हैं। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने अपने 10 साल के कार्यकाल (2004-2014) में 93 देशों की यात्राएं कीं, जिन पर कुल 1,350 करोड़ रुपये खर्च हुए। वहीं, पीएम मोदी ने अपने पहले 55 महीनों में ही 92 देशों की यात्राएं कीं, जिनका खर्च 2,021 करोड़ रुपये रहा।

मनमोहन सिंह (2004-2014): 93 देश, 1,350 करोड़ रुपये

नरेंद्र मोदी (2014-2018): 92 देश, 2,021 करोड़ रुपये

इंदिरा गांधी (15 साल में): 113 देशों की यात्राएं

जवाहरलाल नेहरू (1947-1962): 68 देशों की यात्राएं

हालांकि, पीएम मोदी की चार्टर्ड फ्लाइट्स का खर्च (429.28 करोड़ रुपये) मनमोहन सिंह की तुलना में 64 करोड़ रुपये कम था। लेकिन विमान रखरखाव का खर्च मोदी के कार्यकाल में ज्यादा रहा (1,574.18 करोड़ रुपये बनाम 842 करोड़ रुपये)। इसका मतलब यह नहीं कि मोदी की यात्राएं बेकार थीं, बल्कि यह दिखाता है कि यात्राओं की संख्या और उनके खर्च में बदलाव आया है। साथ ही, महंगाई और यात्रा से जुड़े दूसरे खर्चों (जैसे सुरक्षा, डेलिगेशन, और प्रचार) में बढ़ोतरी भी इस अंतर का कारण हो सकती है।

RTI और सार्वजनिक रिपोर्ट्स: कितना सच, कितना फर्क?

RTI के जवाब और सार्वजनिक रिपोर्ट्स में कुछ अंतर देखने को मिले हैं। उदाहरण के लिए, 2018 में एक RTI से पता चला कि पीएम मोदी ने 48 महीनों में 41 देशों की 50 से ज्यादा यात्राएं कीं, जिन पर 355 करोड़ रुपये खर्च हुए। लेकिन 2018 में ही एक दूसरी रिपोर्ट में कहा गया कि 55 महीनों में 2,021 करोड़ रुपये खर्च हुए। यह अंतर क्यों?

डेटा का दायरा: RTI में अक्सर केवल चार्टर्ड फ्लाइट्स, होटल, या सुरक्षा जैसे खास खर्च शामिल होते हैं, जबकि सार्वजनिक रिपोर्ट्स में डेलिगेशन, प्रचार, और उपहार जैसे अतिरिक्त खर्च भी जोड़े जाते हैं।

अपूर्ण जानकारी: कुछ यात्राओं (जैसे 2025 में मॉरीशस, साइप्रस, कनाडा आदि) का खर्च अभी पूरी तरह सार्वजनिक नहीं हुआ है।

पारदर्शिता की कमी: विदेश मंत्रालय ने उपहारों के खर्च को सार्वजनिक करने से मना किया, क्योंकि इससे भारत और दूसरे देशों के रिश्तों पर असर पड़ सकता है।

'द क्विंट' जैसी कुछ मीडिया रिपोर्ट्स का कहना है कि सरकार प्रेस रिलीज में उपहारों की जानकारी देती है, फिर भी RTI में इसे छिपाने का कोई ठोस कारण नहीं है। इससे जनता में भ्रम पैदा होता है और पारदर्शिता पर सवाल उठते हैं।

भारत को क्या मिला? आर्थिक और रणनीतिक फायदे

पीएम मोदी की विदेश यात्राओं का सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या इनसे भारत को वाकई फायदा हुआ? कई विशेषज्ञों और सरकारी बयानों के अनुसार, इन यात्राओं ने भारत की ग्लोबल इमेज को मजबूत किया और आर्थिक-रणनीतिक लाभ दिलाए। कुछ प्रमुख फायदे:

प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI): विदेश राज्य मंत्री वीके सिंह ने 2018 में बताया कि पीएम मोदी की यात्राओं के बाद 10 देशों से भारत को सबसे ज्यादा FDI मिला। 2014 में FDI 30,930 मिलियन डॉलर था, जो 2017 में बढ़कर 43,478 मिलियन डॉलर हो गया। 2014-2018 के बीच कुल FDI 1,36,077 मिलियन डॉलर रहा, जो मनमोहन सिंह के 2011-2014 के 81,843 मिलियन डॉलर से काफी ज्यादा है।

मोबिलिटी एग्रीमेंट्स: मोदी की यात्राओं ने इटली, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, और जर्मनी जैसे देशों के साथ मोबिलिटी एग्रीमेंट्स पर हस्ताक्षर किए, जिससे भारतीय कुशल श्रमिकों को विदेश में नौकरियां मिलीं।

रणनीतिक साझेदारियां: भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा (IMEC) जैसे प्रोजेक्ट्स में ग्रीस के पाइरियस बंदरगाह को यूरोप में माल भेजने का केंद्र बनाने की योजना बनी। इसके अलावा, ब्राजील, घाना, और त्रिनिदाद जैसे देशों के साथ व्यापार और रक्षा सौदों ने भारत की ग्लोबल साउथ में पहुंच बढ़ाई।

अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रभाव: पीएम मोदी ने UN, BRICS, G-20, और SAARC जैसे मंचों पर भारत के विचारों को मजबूती से रखा, जिससे भारत की आवाज वैश्विक मंच पर गूंजी।

हालांकि, कुछ आलोचकों का कहना है कि इन यात्राओं का खर्च और उनके फायदे का सही हिसाब नहीं दिया गया। विपक्षी दल, जैसे कांग्रेस, अक्सर सवाल उठाते हैं कि क्या इतना खर्च जायज था। फिर भी, नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, मोदी के नेतृत्व में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले, और आयुष्मान भारत जैसे कार्यक्रमों ने 50 करोड़ लोगों को सस्ती स्वास्थ्य सेवाएं दीं। यह दिखाता है कि विदेश नीति के साथ-साथ घरेलू विकास पर भी ध्यान दिया गया।

दुनिया के बड़े लोकतंत्रों के नेताओं से तुलना

भारत जैसे बड़े लोकतंत्र की तुलना में अमेरिका, ब्रिटेन, और जर्मनी जैसे देशों के नेताओं की विदेश यात्राओं का खर्च भी चर्चा में रहता है। हालांकि, सटीक तुलना मुश्किल है, क्योंकि हर देश की विदेश नीति, अर्थव्यवस्था, और यात्रा के उद्देश्य अलग हैं। फिर भी, कुछ उदाहरण:

अमेरिका: अमेरिकी राष्ट्रपति की यात्राएं अक्सर बहुत महंगी होती हैं। उदाहरण के लिए, 2017 में डोनाल्ड ट्रंप की सऊदी अरब, इजरायल, और यूरोप की यात्रा पर 10 मिलियन डॉलर (लगभग 83 करोड़ रुपये) खर्च हुए। अमेरिका में राष्ट्रपति की सुरक्षा और डेलिगेशन के खर्च बहुत ज्यादा होते हैं, क्योंकि वहां सैन्य और खुफिया संसाधनों का इस्तेमाल होता है।

ब्रिटेन: ब्रिटिश पीएम की यात्राएं अपेक्षाकृत कम खर्चीली होती हैं। 2019 में बोरिस जॉनसन की G7 समिट यात्रा पर लगभग 2 मिलियन पाउंड (लगभग 20 करोड़ रुपये) खर्च हुए। ब्रिटेन में खर्च की जानकारी सार्वजनिक करना अनिवार्य है, जिससे पारदर्शिता ज्यादा है।

जर्मनी: जर्मन चांसलर की यात्राएं भी कम खर्चीली होती हैं। 2022 में ओलाफ शोल्ज की एशिया यात्रा पर लगभग 1.5 मिलियन यूरो (लगभग 13 करोड़ रुपये) खर्च हुए।

भारत की तुलना में अमेरिका और ब्रिटेन में प्रति यात्रा खर्च ज्यादा हो सकता है, लेकिन भारत में यात्राओं की संख्या ज्यादा है। साथ ही, भारत जैसे विकासशील देश में इतना खर्च विपक्ष के लिए सवाल उठाने का कारण बनता है। फिर भी, भारत की ग्लोबल साउथ में बढ़ती भूमिका और FDI में वृद्धि दिखाती है कि ये यात्राएं बेकार नहीं हैं।

खर्च जायज है या नहीं?

पीएम मोदी की विदेश यात्राओं पर खर्च को लेकर बहस हमेशा गर्म रहती है। 2021 से 2025 तक 362 करोड़ रुपये का खर्च निश्चित रूप से बड़ा है, लेकिन पिछले पीएम की तुलना में यह अंतर बहुत ज्यादा नहीं है। RTI और सार्वजनिक रिपोर्ट्स में कुछ अंतर दिखता है, जो पारदर्शिता की कमी की ओर इशारा करता है। फिर भी, FDI में बढ़ोतरी, मोबिलिटी एग्रीमेंट्स, और ग्लोबल मंचों पर भारत की मजबूत मौजूदगी दिखाती है कि इन यात्राओं से देश को फायदा हुआ है।

दूसरे लोकतंत्रों की तुलना में भारत का खर्च ज्यादा नहीं है, लेकिन पारदर्शिता और खर्च के हिसाब में सुधार की जरूरत है। आखिर में, यह सवाल उठता है कि क्या ये खर्च भारत जैसे देश के लिए जायज हैं, जहां अभी भी गरीबी और बुनियादी ढांचे की चुनौतियां हैं? जवाब शायद इस बात में है कि विदेश नीति और घरेलू विकास को एक साथ कैसे बैलेंस किया जाता है।

राष्ट्र को एक सूत्र में बांधते हैं हम
भारत श्री

अब चुप रहो! सरकारी नीतियों पर बोले तो होगी कार्रवाई

सरकारी नीतियों की आलोचना अब वर्जित, सोशल मीडिया पर लगे नए नियम

@ रिंकू विश्वकर्मा

महाराष्ट्र सरकार ने राज्य के सभी सरकारी कर्मचारियों के लिए सोशल मीडिया के इस्तेमाल को लेकर सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। अब कोई भी राज्य कर्मचारी, अधिकारी या संविदा कर्मचारी न तो केंद्र और न ही राज्य सरकार की किसी भी मौजूदा या पूर्व नीति की आलोचना सोशल मीडिया पर कर सकेगा। यह फैसला राज्य सरकार द्वारा जारी नए सरकारी प्रस्ताव (Government Resolution – GR) के तहत लिया गया है, जिसे हाल ही में लागू किया गया है।इन नए नियमों के अनुसार, सरकारी कर्मचारियों को अब व्यक्तिगत और आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट अलग-अलग रखने होंगे। साथ ही, उन्हें किसी भी प्रतिबंधित मोबाइल एप या प्लेटफॉर्म का उपयोग करने की सख्त मनाही होगी।

सरकारी कर्मचारियों के लिए सोशल मीडिया की सीमाएं तय

राज्य सरकार ने साफ कहा है कि सोशल मीडिया का इस्तेमाल करते समय कर्मचारियों को बेहद जिम्मेदारी से व्यवहार करना होगा। सरकारी आदेश में बताया गया है कि कर्मचारी अपने अच्छे कामों के बारे में पोस्ट कर सकते हैं, लेकिन यह पोस्ट 'आत्म-प्रशंसा' का रूप नहीं लेनी चाहिए। यानी सरकार अपने कर्मचारियों को आत्म-प्रचार से बचने की सलाह दे रही है।यह नियम केवल राज्य सरकार के कर्मचारियों तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि स्थानीय निकायों, संविदा कर्मचारियों, और राज्य सरकार के अंतर्गत आने वाले सार्वजनिक उपक्रमों (PSUs) पर भी पूरी तरह लागू होंगे।

सरकारी संपत्तियों की तस्वीरें भी नहीं कर सकेंगे शेयर

सरकार ने स्पष्ट किया है कि सरकारी कर्मचारी अपने सोशल मीडिया अकाउंट से कोई भी ऐसी पोस्ट साझा नहीं कर सकते, जिसमें सरकारी कार्यालय, सरकारी वाहन, यूनिफॉर्म या सरकारी भवन की तस्वीरें शामिल हों। साथ ही, सरकारी लोगो या पदनाम का भी इस्तेमाल पोस्ट में नहीं किया जा सकता।इसका सीधा मतलब यह है कि कोई भी कर्मचारी अपनी वर्दी में, कार्यालय के बाहर या सरकारी गाड़ी के साथ सेल्फी लेकर उसे सोशल मीडिया पर पोस्ट नहीं कर सकता। इससे पहले ऐसी तस्वीरें आमतौर पर सोशल मीडिया पर देखी जाती थीं।

आपत्तिजनक और घृणा फैलाने वाली सामग्री पर सख्ती

सरकार ने यह भी हिदायत दी है कि कोई भी कर्मचारी ऐसी पोस्ट न करे जो आपत्तिजनक, भेदभावपूर्ण, मानहानिकारक या नफरत फैलाने वाली हो। सरकार का कहना है कि सोशल मीडिया पर कर्मचारियों की गतिविधियां सार्वजनिक छवि पर असर डालती हैं, इसलिए संयम और जिम्मेदारी अनिवार्य है।नियमों के उल्लंघन पर महाराष्ट्र सिविल सेवा आचरण नियम, 1979 के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

व्यक्तिगत प्रोफाइल में सिर्फ फोटो, बाकी सब पर रोक

सरकारी आदेश में यह भी कहा गया है कि कर्मचारियों के व्यक्तिगत सोशल मीडिया अकाउंट में केवल उनकी प्रोफाइल फोटो हो सकती है। अन्य किसी प्रकार की जानकारी, खासकर जो उनके सरकारी काम से जुड़ी हो, उसे साझा करना प्रतिबंधित किया गया है।

प्रतिबंधित एप्स के इस्तेमाल पर पाबंदी

नएदिशानिर्देशों में कर्मचारियों को राज्य सरकार या केंद्र सरकार द्वारा प्रतिबंधित किसी भी मोबाइल एप का उपयोग करने से भी रोका गया है। हालांकि, सरकार ने व्हाट्सएप, टेलीग्राम और अन्य मान्यता प्राप्त मैसेजिंग एप्स के उपयोग की अनुमति दी है, लेकिन केवल ऑफिसियल समन्वय और संवाद के लिए।इसका मकसद यह है कि कर्मचारी सुरक्षित और सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप प्लेटफॉर्म का ही इस्तेमाल करें।

सिर्फ अधिकृत अधिकारी ही चला सकेंगे आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट

अब से किसी भी सरकारी योजना या परियोजना का प्रचार केवल उन्हीं अधिकारियों द्वारा किया जाएगा जिन्हें सरकार की ओर से अधिकृत किया गया है। वे भी ऐसा केवल सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति से ही कर पाएंगे। यानी कोई भी सरकारी योजना, अभियान या जनभागीदारी के बारे में पोस्ट तभी की जा सकती है, जब वह एक आधिकारिक माध्यम से हो और इसकी अनुमति हो।

गोपनीय दस्तावेजों को साझा करने पर सख्त रोक

सरकारी आदेश में एक अहम बिंदु यह भी है कि कोई भी कर्मचारी बिना पूर्व अनुमति के किसी भी गोपनीय दस्तावेज, रिपोर्ट या सरकारी फाइल को सोशल मीडिया या किसी अन्य सार्वजनिक माध्यम पर साझा नहीं कर सकता। न ही आंशिक और न ही पूर्ण रूप से।यह नियम खासकर उन स्थितियों के लिए लागू किया गया है जब किसी विभाग की आंतरिक जानकारी, बजट विवरण या योजनाओं की स्थिति लीक होकर विवाद का विषय बन जाती है।

रिटायरमेंट या ट्रांसफर से पहले अकाउंट सौंपना अनिवार्य

नए नियमों के अनुसार, जो भी कर्मचारी सेवानिवृत्त होंगे या स्थानांतरित किए जाएंगे, उन्हें अपना आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट अपने उत्तराधिकारी को सौंपना होगा। इसका उद्देश्य यह है कि सरकारी अकाउंट का दुरुपयोग न हो और कार्य निरंतरता बनी रहे।

अनुशासन और सरकारी छवि की रक्षा

महाराष्ट्र सरकार का मानना है कि इन नियमों से सरकारी सेवाओं में अनुशासन की भावना मजबूत होगी। सोशल मीडिया पर अनियंत्रित पोस्ट न केवल व्यक्तिगत छवि को, बल्कि पूरी सरकारी मशीनरी की साख को भी प्रभावित करती हैं।

इन नियमों से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सरकारी कर्मचारी सोशल मीडिया का इस्तेमाल केवल सकारात्मक और उत्पादक कार्यों के लिए करें।महाराष्ट्र सरकार के ये नए सोशल मीडिया दिशानिर्देश सरकारी कर्मचारियों की डिजिटल गतिविधियों को नियंत्रित करने की दिशा में एक बड़ा कदम हैं। जहां एक ओर ये नियम सरकारी छवि और गोपनीयता की रक्षा करते हैं, वहीं दूसरी ओर यह भी सवाल उठता है कि क्या इससे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता सीमित हो रही है।

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक

भारत श्री

राष्ट्र को एक सूत्र में बांधते हैं हम

सोमवार, 28 जुलाई 2025, विक्रम संवत 2080

छिपी पहचान और सुरक्षा पर सवाल

यह बात सच है कि भारत में बहुत तेजी से मुसलमानों की संख्या बढ़ती रही है, और इस संख्या विस्तार में नेहरू परिवार और कम्युनिस्टों का निरंतर योगदान रहा। अब धीरे-धीरे इन सब लोगों की पोल खुल रही है। अब बांग्लादेशी मुसलमान धीरे-धीरे भाग भी रहे हैं या अनेक मुसलमान ऐसे भी हैं जो भारत में हिंदू नाम से छुपकर रह रहे हैं। अभी-अभी एक आदमी पकड़ा गया है, जिसका नाम 'नेहा किन्नर' है। वह महिला के वस्त्र पहनकर रहता था और अपने को किन्नर बताकर पहचान छुपा रहा था। वास्तव में वह बांग्लादेश का मुसलमान था, जो छिपकर भोपाल में 10 वर्षों से रह रहा था। अब जो खोजबीन हो रही है, उसमें यह मामला पकड़ में आया है। उत्तराखंड में जब खोजबीन शुरू हुई तो सैकड़ों ऐसे मुसलमान मिले जो साधु वेश में थे, जो अपने को हिंदू प्रचारित करते थे लेकिन वास्तव में मुसलमान थे। इस प्रकार के सैकड़ों लोग मिले हैं। 'छांगुर बाबा' का तो सारा भेद खुल ही चुका है। यह भी एक भेद खुला है कि मेरठ के एक मंदिर में कई वर्षों से एक पुजारी था, जो वास्तव में मुसलमान था। उसका पिता कहीं बिहार में मौलवी है और वह व्यक्ति अपना नाम छुपाकर मेरठ में मंदिर में पूजा कराता था। दुर्भाग्य है देश का कि राहुल ब्रिगेड और उनके सहयोगी जैसे अखिलेश यादव या तेजस्वी यादव एड़ी-चोटी का जोर लगा रहे हैं कि विदेशी मुसलमानों की जांच न की जाए, उनकी मतदाता सूची न जांची जाए, और सबको भारतीय मान लिया जाए। ऐसे-ऐसे नेता अपने स्वार्थ में इतने बेशर्म हो सकते हैं—यह वास्तव में आश्चर्य की बात है। जो लोग समाज को धोखा देते हैं, इस तरह के लोगों को कठोर दंड दिया जाना चाहिए। और जो लोग किसी स्वार्थवश ऐसे लोगों की वकालत करते हैं, उन राजनीतिक वकीलों का भी सामाजिक बहिष्कार किया जाना चाहिए। अब समय आ गया है कि हम सब लोग ऐसे विदेशी मुसलमानों के समर्थकों का सामाजिक बहिष्कार करें। जरूरत पड़े तो हम ऐसे लोगों का मुंह काला करके भी घुमा सकते हैं, जो इनकी वकालत करते हैं—चाहे वे किसी भी दल से जुड़े हुए हों। इसलिए मेरा यह मानना है कि सरकार संविधान और कानून के अनुसार कार्य कर रही है और समाज को भी अपने बहिष्कार की ताकत को एक शस्त्र के रूप में उपयोग करना चाहिए।

बजरंग मुनि

भाजपा में संगठनात्मक पुनर्गठन की आहट

@ अनुराग पाठक

भारतीय जनता पार्टी एक बार फिर अपने संगठनात्मक ढांचे को दुरुस्त करने की दिशा में निर्णायक क़दम बढ़ाने जा रही है। उत्तर प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक और त्रिपुरा जैसे रणनीतिक रूप से अहम राज्यों में नए प्रदेश अध्यक्षों की नियुक्ति की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। यह न सिर्फ आंतरिक लोकतंत्र का संकेत है, बल्कि इससे पार्टी के आगामी राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की राह भी प्रशस्त होगी।

भाजपा का सांगठनिक ढांचा हमेशा से अनुशासन और कार्यप्रणाली की दृष्टि से अन्य दलों की तुलना में अधिक सुव्यवस्थित माना जाता रहा है। इसके पीछे एक सशक्त ढांचा और संविधानबद्ध प्रणाली कार्य करती है, जिसमें समय-समय पर संगठनात्मक चुनाव अनिवार्य रूप से संपन्न कराए जाते हैं। इस प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर ढिलाई न हो, इसके लिए पार्टी हमेशा सजग रहती है।उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के लिए न केवल सबसे बड़ा राज्य है, बल्कि लोकसभा और विधानसभा दोनों स्तरों पर इसका राजनीतिक दबदबा सर्वाधिक है। वर्तमान अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी का कार्यकाल पूरा हो चुका है, और अब नए प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा जल्द होने की संभावना है। सवाल यह है कि क्या पार्टी एक बार फिर सामाजिक समीकरणों के अनुरूप अध्यक्ष चुनने की नीति अपनाएगी, या नए प्रयोग की दिशा में जाएगी ?पूर्व में पार्टी ने पश्चिमी यूपी को प्रतिनिधित्व देते हुए चौधरी को यह जिम्मेदारी सौंपी थी। अब 2027 के विधानसभा चुनाव और 2029 के लोकसभा चुनाव की दिशा को देखते हुए, यह चयन अत्यंत रणनीतिक साबित हो सकता है।

गुजरात भाजपा के लिए वैचारिक और राजनीतिक रूप से एक मजबूत आधार रहा है। यहां भी प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति प्रक्रिया प्रगति पर है। सूत्रों के अनुसार, एक-दो दिनों में नाम की घोषणा हो सकती है। यह उल्लेखनीय है कि विधानसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन के बाद संगठन के स्तर पर भी नए चेहरों की भूमिका अहम मानी जा रही है।गुजरात की राजनीति में सामाजिक समीकरणों का संतुलन और युवा नेतृत्व का समावेश आगामी नियुक्ति को विशेष महत्व देता है। पार्टी यहां आगामी निकाय चुनाव और फिर 2027 की तैयारी में जुट चुकी है।

कर्नाटक में विधानसभा चुनाव में अपेक्षित परिणाम न मिलने के बाद पार्टी के संगठनात्मक ढांचे की समीक्षा की जा रही है। प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति फिलहाल लंबित है, लेकिन माना जा रहा है कि भाजपा अब यहां तेजतर्रार और जमीनी पकड़ वाले नेता को कमान सौंप सकती है। साथ ही, लोकसभा चुनाव में यहां भाजपा का प्रदर्शन अपेक्षाकृत बेहतर रहा, जिससे नेतृत्व के चयन में सटीकता की अपेक्षा और बढ़ जाती है।

त्रिपुरा में वर्तमान में राजीव भट्टाचार्य प्रदेश अध्यक्ष हैं, जिन्होंने 2022 में माणिक साहा का स्थान लिया था। हालांकि अब पार्टी यहां भी नेतृत्व परिवर्तन की तैयारी में है। पूर्वोत्तर राज्यों में भाजपा की पकड़ धीरे-धीरे मजबूत हुई है और ऐसे में त्रिपुरा जैसे राज्य में संगठनात्मक मजबूती और जनसंपर्क पर विशेष ध्यान देना जरूरी हो गया है।

भारतीय जनता पार्टी के संविधान के अनुसार, राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव तभी हो सकता है जब कम से कम 50% राज्यों में संगठनात्मक चुनाव पूरे हो चुके हों। यही कारण है कि पार्टी चरणबद्ध तरीके से पहले प्रदेश अध्यक्षों की नियुक्ति कर रही है। यह प्रक्रिया सिर्फ सांकेतिक नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक जवाबदेही और सांगठनिक अनुशासन का प्रतीक है।2026 में कई राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं और 2027-29 के बीच देश को एक बार फिर संसदीय नेतृत्व चुनना होगा। ऐसे में पार्टी की रणनीति स्पष्ट है। संगठन को समय रहते सशक्त बनाना, ताकि चुनावी रणनीति की नींव मजबूत रहे।

नए प्रदेश अध्यक्षों की नियुक्ति केवल चेहरों का परिवर्तन नहीं है, यह भाजपा की कार्यप्रणाली में नई ऊर्जा, नई दिशा और नए नेतृत्व का समावेश है। पार्टी एक बार फिर "नए भारत" की राजनीति में संगठित और अनुशासित योगदान देने को तैयार दिख रही है।भाजपा में हो रहा यह सांगठनिक पुनर्गठन आने वाले वर्षों की राजनीतिक दिशा तय करने वाला साबित हो सकता है। जहां एक ओर यह बदलाव पार्टी के भीतर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूती देता है, वहीं दूसरी ओर यह बताता है कि भाजपा चुनावी रणनीति से पहले संगठन को मजबूत करना प्राथमिकता मानती है। और शायद यही उसकी लगातार सफलता का एक बड़ा कारण भी है।

जुबानी तीर

"यह ऑपरेशन देश की सुरक्षा के लिए नहीं, प्रधानमंत्री की छवि बचाने के लिए किया गया था। पायलटों के हाथ बांध दिए गए थे, उन्हें पूरी स्वतंत्रता नहीं दी गई।

राहुल गांधी (कांग्रेस सांसद, नेता विपक्ष – लोकसभा)

"हमारी सेना ने ऑपरेशन सिंदूर में शौर्य और रणनीति का प्रदर्शन किया। पाकिस्तान खुद ceasefire की भीख मांगने पर मजबूर हुआ। यह भारत की कूटनीतिक और सामरिक विजय है।



राजनाथ सिंह (रक्षा मंत्री)

"कांग्रेस को सेना का अपमान करने की आदत हो गई है। राहुल गांधी बार-बार देश के हीरो को कटघरे में खड़ा करते हैं। ये वही मानसिकता है जो सर्जिकल स्ट्राइक पर सबूत मांगती थी।

अमित शाह (गृह मंत्री)

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. महिमा मक्कर द्वारा एच0टी0 मीडिया, प्लॉट नं. 8, उद्योग विहार, ग्रेटर नोएडा-9 उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं जी. एफ. 5/115, गली नं. 5 संत निरंकारी कालोनी, दिल्ली-110009 से प्रकाशित । संपादकः महिमा मक्कर, RNI No. DELHI/2019/77252, संपर्क 011-43563154

विज्ञापन एवं वार्षिक सब्सक्रिप्शन के लिए ऑफिस के पते पर सम्पर्क करें या फिर इन नम्बरों - 9667793987 या 9667793985 पर बात करें या इस पर media@bharatshri.com ईमेल करें।

राष्ट्र को एक सूत्र में बांधते हैं हम
भारत श्री

दांतों के दर्द का आयुर्वेदिक इलाज

जड़ से समाधान, बिना साइड इफेक्ट के

आधुनिक चिकित्सा में दर्दनिवारक दवाएं या रूट कनाल जैसी प्रक्रियाएं की जाती हैं, लेकिन यदि आप एक प्राकृतिक, सुरक्षित और स्थायी समाधान की तलाश में हैं, तो आयुर्वेदिक इलाज एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है।

@ डॉ महिमा मक्कर

दांतों का दर्द एक सामान्य लेकिन बेहद कष्टदायक समस्या है, जो जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित कर सकता है। यह दर्द अचानक आ सकता है और खाना, पीना, बोलना तक मुश्किल कर देता है। आधुनिक चिकित्सा में दर्दनिवारक दवाएं या रूट कनाल जैसी प्रक्रियाएं की जाती हैं, लेकिन यदि आप एक प्राकृतिक, सुरक्षित और स्थायी समाधान की तलाश में हैं, तो आयुर्वेदिक इलाज एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है।

आयुर्वेद — भारत की प्राचीन चिकित्सा पद्धति , शरीर को संतुलन में रखकर रोगों का उपचार करती है। इसमें दांतों के दर्द (दन्तशूल) का इलाज जड़ी-बूटियों, तेलों, दिनचर्या और खान-पान के माध्यम से किया जाता है, जिससे समस्या की जड़ तक पहुँचा जा सकता है।

दांतों के दर्द के संभावित कारण

आयुर्वेद के अनुसार, दांतों का स्वास्थ्य वात, पित्त और कफ – इन तीन दोषों के संतुलन पर निर्भर करता है। जब इनमें से कोई भी दोष असंतुलित होता है, तो यह दांतों व मसूड़ों में दर्द या संक्रमण का कारण बन सकता है।

मुख्य कारण:

वात दोष का बढ़ना – ठंडा खाना, अधिक उपवास या कमजोर पाचन से वात बढ़ता है जिससे दर्द तीव्र होता है।

पित्त दोष का असंतुलन – तीखा, खट्टा या गरम भोजन पित्त को बढ़ाता है, जिससे सूजन और जलन होती है।

कफ दोष का बढ़ना – तैलीय, भारी और ठंडे भोजन से कफ बढ़ता है, जिससे पस या संक्रमण हो सकता है।

आयुर्वेदिक घरेलू उपचार

1. लौंग का तेल (Clove Oil)

लौंग में यूजेनॉल नामक तत्व होता है जो प्राकृतिक एंटीसेप्टिक और एनाल्जेसिक है।

उपयोग:

- रुई में लौंग का तेल लगाकर दर्द वाले दांत पर रखें।
- दिन में 2-3 बार दोहराएं।

2. त्रिफला माउथवॉश

त्रिफला एक शक्तिशाली आयुर्वेदिक मिश्रण है जो संक्रमण को रोकने और मसूड़ों को मजबूत करने में मदद करता है।

उपयोग:

- 1 चम्मच त्रिफला चूर्ण को 1 गिलास गर्म पानी में मिलाकर कुल्ला करें।

3. हल्दी और नमक का पेस्ट

हल्दी एंटीबैक्टीरियल और सूजनरोधी है, जबकि सेंधा नमक दर्द और सूजन को कम करता है।

उपयोग:

- हल्दी पाउडर और सेंधा नमक में सरसों का तेल मिलाकर पेस्ट बनाएं और दांतों पर लगाएं।

4. गुणकारी जड़ी-बूटियां

बबूल की छाल – इससे ब्रश करने से मसूड़े मजबूत होते हैं।

नीम की दातुन – नीम में एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं जो संक्रमण को रोकते हैं।

अर्जुन की छाल – हड्डियों और दांतों को मजबूत बनाती है।

दिनचर्या और जीवनशैली में बदलाव

आयुर्वेद में उपचार केवल जड़ी-बूटियों से नहीं होता, बल्कि जीवनशैली को संतुलित कर के भी किया जाता है। यदि आप नियमित दिनचर्या का पालन करें, तो दांतों की समस्याओं से काफी हद तक बचा जा सकता है।

दिनचर्या में अपनाएं:

रोज़ सुबह और रात नीम, बबूल या त्रिफला पाउडर से ब्रश करें।

हर भोजन के बाद कुल्ला करें।

अत्यधिक मीठा, चिपचिपा व ठंडा भोजन टालें।

धूम्रपान और तंबाकू का सेवन न करें।

सुबह उठकर तिल तेल से "तेल कुला" करें – यह मुंह के बैक्टीरिया को खत्म करता है।

आहार में सुधार

आप जो खाते हैं, वह आपके दांतों की सेहत को सीधा प्रभावित करता है। इसलिए दांतों की रक्षा के लिए संतुलित और दोषानुसार आहार जरूरी है।

अनुशंसित आहार:

गुनगुना पानी पीना

हरी पत्तेदार सब्जियां

फाइबर युक्त फल जैसे सेब, अमरूद

ताजे मसाले – हल्दी, जीरा, अदरक

बचाव हेतु टालें:

बहुत अधिक मिठाई और ठंडा पेय

बासी या प्रसंस्कृत (processed) खाद्य पदार्थ

अत्यधिक तैलीय या मसालेदार खाना

कब डॉक्टर के पास जाएं?

अगर घरेलू उपायों से 2–3 दिन में आराम न मिले, या निम्न में से कोई लक्षण हो, तो तुरंत आयुर्वेदिक चिकित्सक से परामर्श लें:

तेज़ बुखार के साथ दर्द

सूजन, मवाद या पस निकलना

लगातार खून आना

जबड़ा खोलने में कठिनाई

दांतों का दर्द केवल एक शारीरिक समस्या नहीं है, यह मानसिक तनाव और दैनिक जीवन की कठिनाइयों को भी बढ़ा सकता है। आयुर्वेद न केवल इस दर्द का इलाज करता है, बल्कि शरीर और मन दोनों को संतुलन में लाकर दीर्घकालिक समाधान प्रदान करता है।यदि आप रासायनिक दवाओं और उनके दुष्प्रभावों से बचना चाहते हैं, तो आयुर्वेदिक उपचार जड़ी-बूटियों, दिनचर्या और खानपान के संतुलन के माध्यम से एक प्रभावशाली और सुरक्षित विकल्प है।

संत गुलाल साहब: प्रेम और भक्ति का आलोक

संत गुलाल साहब सत्तनामी संतों की पवित्र परंपरा में एक चमकता सितारा हैं। उनकी वाणी में भक्ति की मधुरता, प्रेम की गहराई और आत्मज्ञान का प्रकाश झलकता है। उन्होंने अपनी साधना और अनुभवों को सरल, सहज और हृदय को छूने वाली भाषा में व्यक्त किया। उनके जीवन का हर क्षण भगवद्भक्ति और सत्संग में डूबा हुआ था। अठारहवीं शताब्दी के उत्तरार्ध में, जब देश में राजनैतिक अशांति और सामाजिक उथल-पुथल का दौर था, संत गुलाल साहब ने अपने उपदेशों और रचनाओं के माध्यम से जनमानस को शांति, प्रेम और अध्यात्म का मार्ग दिखाया। उनका जीवन और उनकी शिक्षाएं आज भी भक्तों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं।

प्रारंभिक जीवन: भुरकुड़ा में जन्मा एक साधारण गृहस्थ

संत गुलाल साहब का जन्म संवत् 1750 में उत्तर भारत के गाजीपुर जनपद के वैसहरि मंडल के भुरकुड़ा गांव में हुआ। वे एक प्रतिष्ठित क्षत्रिय कुल में जन्मे थे और एक साधारण जमींदार के रूप में जीवन यापन करते थे। खेती-बाड़ी उनकी आजीविका का साधन थी, लेकिन उनका हृदय सदा साधु-संतों की सेवा और भक्ति में रमा रहता था। उनकी सहजता और साधुओं के प्रति श्रद्धा ने उनके जीवन को एक नई दिशा दी।

उनके जीवन में एक ऐसी घटना घटी, जिसने उनकी आध्यात्मिक यात्रा की नींव रखी। यह घटना उनके हलवाहे बुलाकी राम के साथ जुड़ी है, जो बाद में उनके गुरु बने। एक दिन गुलाल साहब खेतों में बुलाकी राम का काम देखने गए। उन्होंने देखा कि बुलाकी राम हल छोड़कर ध्यानमग्न बैठे हैं और बैल खेत में खड़े हैं। गुलाल साहब को गुस्सा आया और उन्होंने बुलाकी राम की पीठ पर लात मार दी, यह सोचकर कि वह कामचोरी कर रहा है। लेकिन जब बुलाकी राम का ध्यान टूटा, तो गुलाल साहब ने देखा कि उनके हाथ से दही छलक रहा था। आश्चर्यचकित होकर उन्होंने इसका कारण पूछा। बुलाकी राम ने डरते हुए कहा कि वह संतों की सेवा में व्यस्त थे और दही परोस रहे थे। यह सुनकर गुलाल साहब का हृदय पश्चाताप से भर गया। वे तुरंत बुलाकी राम के चरणों में गिर पड़े और उनसे आध्यात्मिक मार्ग की दीक्षा मांगी। इस घटना ने उनके जीवन को पूरी तरह बदल दिया।

गुरु की कृपा: बुलाकी राम से दीक्षा

बुलाकी राम, जो प्रसिद्ध संत बुल्ला साहब के नाम से जाने जाते थे, ने गुलाल साहब को दीक्षा दी और उन्हें अपना शिष्य बनाया। बुल्ला साहब ने गुलाल साहब को गुरुतत्व का बोध कराया और भगवन्नाम की महिमा समझाई। इस दीक्षा ने गुलाल साहब के जीवन में एक नया प्रकाश जला दिया। उनकी एक उक्ति इस अनुभव को खूबसूरती से व्यक्त करती है:

खोजत-खोजत सतगुरु पावल, ताहि चरनवाँ चितवा लागल हो सजनी।

साँझि समय उठि दीपक वारल, कटल करमवाँ मनुवाँ पागल हो सजनी।

इस दोहे में गुलाल साहब ने सतगुरु की खोज और उनके चरणों में समर्पण की भावना को व्यक्त किया है। बुल्ला साहब ने भुरकुड़ा में रहकर अपने शिष्यों को भगवन्नाम की साधना और सत्संग का महत्व समझाया। गुलाल साहब ने गृहस्थ जीवन में रहते हुए भी साधना को अपनाया और सतगुरु की कृपा से संसार की आसक्ति से मुक्त हो गए। उनकी एक और उक्ति इस भाव को दर्शाती है:

सतगुरु किरपा अगम भयो हो, हिरदय बिसराम।
अब हम सब बिसरावल हो, निस्चय मन राम।

भक्ति और साधना: राम-नाम की महिमा

संत गुलाल साहब का जीवन भगवन्नाम की साधना के इर्द-गिर्द घूमता था। उन्होंने बार-बार अपने उपदेशों में कहा कि भगवन्नाम का जप ही भवसागर से पार उतरने का एकमात्र साधन है। उनकी एक प्रसिद्ध उक्ति है:

सुर नर नाग मनुप औतार, विनु हरि भजन न पावहिं पार।

उनका मानना था कि राम का दर्शन बाहर नहीं, बल्कि अपने भीतर ही करना है। राम ही परमानंद का सागर और कल्याण का कल्पवृक्ष हैं। गुलाल साहब ने भगवत्-तत्व की गहरी समझ विकसित की और सच्चिदानंद ब्रह्म की साधना में निरंतर लीन रहे। उनकी एक मार्मिक रचना इस भाव को व्यक्त करती है:

लागलि नेह हमारी, पिया मोर।
चुनि-चुनि कलियाँ सेज विछावो, करो मै मगलाचार।
एकौ घरी पिया नहि अइलें, होइला मोहिं धिरकार।

इस रचना में गुलाल साहब ने भगवान के प्रति अपनी प्रेममयी भक्ति और उनके दर्शन की तड़प को व्यक्त किया है। उनकी साधना का आधार निर्मल ज्ञान और अखंड ब्रह्म की अनुभूति थी। उन्होंने भगवान को अजर, अमर और अविनाशी बताया, जो न तो जन्म लेते हैं, न नष्ट होते हैं, और न ही उन्हें चौरासी लाख योनियों में भटकना पड़ता है।

रचनाएँ: भक्ति की मधुर वाणी

संत गुलाल साहब की रचनाएँ भक्ति और प्रेम से परिपूर्ण हैं। उनकी वाणी में सत्संग की महिमा, भगवन्नाम की शक्ति और सतगुरु के प्रति समर्पण का भाव गहराई से झलकता है। उनकी रचनाओं का एक संग्रह उपलब्ध है, जिसमें उनके दोहे, पद और भक्ति भरे भजन शामिल हैं। उनकी रचनाएँ सरल और सहज भाषा में लिखी गई हैं, जो हर भक्त के हृदय को स्पर्श करती हैं। उनकी एक रचना में वे कहते हैं:

गगन, मगन धुनि गाजे हो, देखि अघर अकास।
जन 'गुलाल' बँसहरिया हो, तह करहि निवास।

इस दोहे में गुलाल साहब ने भगवन्नाम की साधना को आकाश की तरह विशाल और मन को मगन करने वाला बताया है। उनकी रचनाएँ संत-साहित्य में एक विशिष्ट स्थान रखती हैं। उनकी वाणी में प्रेम, भक्ति और आत्मज्ञान का ऐसा संगम है, जो सुनने वाले को तुरंत ईश्वर की ओर ले जाता है। उनकी रचनाएँ न केवल भक्ति की प्रेरणा देती हैं, बल्कि सतगुरु और संतों के प्रति श्रद्धा को भी बढ़ाती हैं।

संतों के प्रति श्रद्धा: सत-चरण की महिमा

गुलाल साहब का संतों और सतगुरु के प्रति अटूट विश्वास था। उनका कहना था कि संत और भगवान में कोई अंतर नहीं है। संतों की संगति से नीच से नीच व्यक्ति भी परमपद को प्राप्त कर सकता है। उनकी एक उक्ति इस भाव को व्यक्त करती है:

सत-चरण-कमल की महिमा का बखान करना मेरे वश की बात नही है।

ब्रह्मा, विष्णु और महेश सन्त के पीछे-पीछे चलते रहते हैं।

उनका मानना था कि सतगुरु की कृपा से ही भक्त भगवान के चरणों तक पहुँच सकता है। उनकी साधना और उपदेशों का मूल आधार यही था कि सत्संग और भगवन्नाम ही जीवन को सार्थक बनाते हैं।

अंतिम समय और विरासत

संत गुलाल साहब ने संवत् 1816 में देह त्याग किया। अपने अंतिम समय तक वे लोगों को संसार के नश्वर स्वरूप को समझाते रहे। वे परम गुरुभक्त, भगवन्निष्ठ और असाधारण तत्वज्ञानी थे। उनकी शिक्षाएं और रचनाएँ आज भी भक्तों के लिए मार्गदर्शक हैं। उनके शिष्य और अनुयायी, जैसे जगजीवन साहब, ने उनके सत्तनाम के संदेश को और आगे बढ़ाया। गुलाल साहब ने भुरकुड़ा में शांति और सत्य की ऐसी ज्योति प्रज्वलित की, जो आज भी भक्तों के हृदय को रोशन करती है।

भक्ति का अमर प्रकाश

संत गुलाल साहब का जीवन एक तपस्वी, भक्त और तत्वज्ञानी का जीवन था। उन्होंने अपने उपदेशों और रचनाओं के माध्यम से यह सिखाया कि भगवन्नाम की साधना ही जीवन का सच्चा सुख है। उनकी वाणी में प्रेम, भक्ति और आत्मज्ञान का ऐसा समन्वय है, जो हर भक्त को ईश्वर के करीब ले जाता है। उनकी रचनाएँ संत-साहित्य की अमूल्य निधि हैं, जो भक्ति की मधुर धारा को प्रवाहित करती हैं। गुलाल साहब का जीवन हमें सिखाता है कि सतगुरु की कृपा और भगवन्नाम की शक्ति से ही हम भवसागर को पार कर सकते हैं। उनका जीवन और उनकी रचनाएँ हमें सदा भक्ति और प्रेम के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती रहेंगी।

राष्ट्र को एक सूत्र में बांधते हैं हम
भारत श्री

ऑपरेशन सिंदूर और पहलगाम हमले पर लोकसभा में गरमागरम बहस

संसद में भाजपा का शक्ति प्रदर्शन

@ मनीष पांडेय

लोकसभा में सोमवार को पहलगाम आतंकी हमले और भारतीय सेना द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर जोरदार बहस देखने को मिली। चर्चा में हिस्सा लेते हुए केंद्रीय मंत्री और भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने विपक्ष, विशेषकर कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कांग्रेस पर सेना के मनोबल को तोड़ने और आतंकवाद पर दोहरे रवैये का आरोप लगाया।

विपक्ष के किसी सांसद ने हमले की असलियत नहीं बताई

अनुराग ठाकुर ने कहा कि विपक्षी दलों के सांसदों ने आतंकी हमले पर चर्चा तो की, लेकिन किसी ने यह नहीं बताया कि आतंकियों ने हमला करते समय पीड़ितों से धर्म पूछा, कलमा पढ़ने को मजबूर किया और उनकी पहचान जानकर उन्हें मौत के घाट उतार दिया। उन्होंने सवाल किया, "क्या विपक्ष के लिए यह बताना कठिन था? जब रक्षामंत्री हमारी सेना की उपलब्धियों का बखान कर रहे थे, तब विपक्ष की बेंचों पर कोई तालियां नहीं बजीं, न ही मेजें थपथपाई गईं।"

मोदी सरकार ने दिया आतंकियों को करारा जवाब

अनुराग ठाकुर ने दावा किया कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक रुख अपनाया है। उन्होंने बताया कि 7 मई को भारतीय सेना ने केवल 25 मिनट में 9 आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया। ठाकुर ने कहा, "हमने यह संदेश दिया कि भारत पर आतंकी हमला, भारत पर सीधा हमला माना जाएगा। अब भारत डोज़ियर नहीं, सीधे डोज़ देगा। यह नया भारत है, और आतंकवाद पर यह नया सामान्य है।"

रहीम खान एयरबेस अब बैलगाड़ी लायक भी नहीं

ठाकुर ने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान स्थित रहीम खान एयरबेस पर ऐसा हमला किया कि अब वह बैलगाड़ी लायक भी नहीं बचा। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, "हमारी सेना वहां वार करती है, जहां दुश्मन को सबसे ज़्यादा दर्द होता है। यह बात राहुल गांधी तक जरूर पहुंचा दीजिए।"

पाकिस्तान की तारीफ, सेना की निंदा... कांग्रेस का असली चेहरा उजागर

भाजपा सांसद ने कांग्रेस पर पाकिस्तान की भाषा बोलने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, "अगर आपको हमारी सेना पर भरोसा नहीं है, तो पाकिस्तान जाकर पूछ लो, जिसकी शान में आप (कांग्रेस) दिन-रात कसीदे पढ़ते हैं।" ठाकुर ने 26/11 हमले का हवाला देते हुए कहा कि उस समय की कांग्रेस सरकार अंतरराष्ट्रीय अनुमति का इंतजार करती रही, जबकि आज की सरकार बिना किसी देरी के जवाब देती है।

सेना का बजट तीन गुना हुआ, मेड इन इंडिया बुलेटप्रूफ जैकेट बनीं

उन्होंने कांग्रेस के नेता दीपेंद्र हुड्डा द्वारा उठाए गए रक्षा बजट के मुद्दे पर पलटवार करते हुए कहा कि यूपीए सरकार के समय रक्षा बजट करीब 2.5 लाख करोड़ था, जबकि अब यह 6.81 लाख करोड़ हो गया है। ठाकुर ने यह भी कहा कि कांग्रेस सरकार बुलेटप्रूफ जैकेट तक नहीं दे पाई थी, जबकि मोदी सरकार ने तीन साल में मेड इन इंडिया जैकेट सेना को उपलब्ध करवाई।

कांग्रेस ने सेना का मनोबल गिराया, पाकिस्तान को मजबूती दी

ठाकुर ने कांग्रेस पर बड़ा हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस ने न सिर्फ सेना का अपमान किया, बल्कि पाकिस्तान के हौसले भी बढ़ाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने आर्मी चीफ को 'सड़क का गुंडा' कहा था। राहुल गांधी से माफी की मांग करते हुए ठाकुर बोले, "कांग्रेस ने बाटला हाउस मुठभेड़ में शहीद हुए पुलिस अधिकारी को श्रद्धांजलि तक नहीं दी। कांग्रेस सेना के साथ नहीं, आतंकियों के लिए आंसू बहाती है।"

"राहुल गांधी एलओपी नहीं, एलओबी हैं"

राहुल गांधी को निशाने पर लेते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि उन्हें जनता ने कभी इतना समर्थन नहीं दिया कि वे विपक्ष के नेता बन सकें। उन्होंने तंज कसा, "राहुल गांधी एलओपी नहीं, एलओबी हैं – यानी लीडर ऑफ अपोजिंग भारत।" उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि राहुल गांधी ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सबूत मांग रहे थे। "ऐसे लोगों से देश को क्या उम्मीद हो सकती है?" ठाकुर ने कहा।

आईएनसी अब बन गई है इस्लामाबाद नेशनल कांग्रेस

अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा, "कांग्रेस अब इंडियन नेशनल कांग्रेस नहीं, इस्लामाबाद नेशनल कांग्रेस बन चुकी है। कांग्रेस की कूटनीति सिर्फ डोज़ियर तक सीमित थी, कार्रवाई तक नहीं पहुंची। जबकि हमने सेना के साथ मिलकर ऐसा जवाब दिया जिसे दुनिया ने देखा।"

"कांग्रेस का इतिहास है सरेंडर और ब्लंडर का"

कांग्रेस के ऐतिहासिक फैसलों पर सवाल उठाते हुए ठाकुर ने कहा कि कश्मीर मुद्दा संयुक्त राष्ट्र में ले जाना, अक्साई चिन को चीन को सौंपना और कच्चा तिब्बू द्वीप श्रीलंका को देना कांग्रेस के ऐसे सरेंडर हैं जो देश को नुकसान पहुंचाते रहे हैं। उन्होंने कहा, "कांग्रेस की विदेश नीति में आत्मविश्वास की कमी थी, जबकि मोदी सरकार ने आतंक के खिलाफ वैश्विक समर्थन जुटाया।"

अनुराग ठाकुर का लोकसभा में दिया गया भाषण न केवल सरकार की आतंकवाद विरोधी नीतियों का समर्थन करता दिखा, बल्कि उन्होंने कांग्रेस को कठघरे में खड़ा कर दिया। उन्होंने यह संदेश देने की कोशिश की कि अब भारत आतंकवाद के खिलाफ न केवल आक्रामक रुख अपना रहा है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी अपनी ताकत का अहसास करा रहा है। लोकसभा की यह बहस एक बार फिर दिखाती है कि राष्ट्रीय सुरक्षा और आतंकवाद जैसे मुद्दे देश की राजनीति में कितने केंद्रीय विषय बन चुके हैं और इन पर सियासत भी उतनी ही तीखी होती जा रही है।

परमात्मा से मिलाते हैं गुरुदेव जी

पू. सांसद श्री रतनलाल कटारिया जी की धर्मपत्नी श्रीमती बन्तो कटारिया जी ने कहा कि पूज्य गुरुदेव जी ने कहा कि सबसे बड़ी गुरु दुर्गा मां है, यह सत्य है क्योंकि बच्चों की नींव, मां की कोख में बीज मंत्रों से रखी जाती है। मां ही सृष्टि का निर्माण करने वाली है अत: सबसे पहले वही हमारी गुरु है। उसके बाद स्कूल में अध्यापक गुरु है और शादी हो जाने के बाद गुरु चुनने का अधिकार बच्चे को हो जाता है। सच्चा गुरु वही होता है जो अपने शिष्य को परमात्मा से मिला दे। आज के कलयुग में आप जैसे गुरु की आवश्यकता है। मैं यहां पर उपस्थित इतनी बड़ी संख्या को देखकर कह सकती हूं कि भक्त नहीं होते तो भगवान भी नहीं होता और संत और गुरुदेव भी नहीं होते। जैसे भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को सही रास्ता दिखाया था वैसे ही आप भी हमें दिखा रहे हैं आपको कोटि-कोटि नमन।

कलिन को जानकर परिहार करके पाठ करें

कृष्ण पक्ष चतुर्दशी का दिवस माता की विशेष कृपा प्रदान करने वाला है। दुर्गासप्तशती में वर्णन है कि जो साधक कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी अथवा अष्टमी को एकाग्रचित होकर भगवती की सेवा में अपना सर्वस्व समर्पित कर देता है और फिर उसे प्रसाद रूप से ग्रहण करता है उसी पर भगवती प्रसन्न होती है अन्यथा उनकी प्रसन्नता नहीं प्राप्त होती। इस प्रकार सिद्धि के प्रतिबंधक रूप कील के द्वारा महादेव जी ने यह पाठ कीलित कर रखा है। जो मनुष्य कीलन को जानकर, उसका परिहार करके ही पाठ करता है, वह मनुष्य सिद्ध हो जाता है। सर्वत्र विचरते रहने पर भी इस संसार में उसे कहीं भी भय नहीं होता। वह अपमृत्यु के वश में नहीं पड़ता तथा देह त्यागने के बाद मोक्ष प्राप्त कर लेता है। अतः कीलन को जानकर, उसका परिहार करके ही पाठ करना चाहिए। कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को मां भगवती की सेवा में होकर न्यायपूर्वक कमाया हुआ अपना धन उनके चरणों में समर्पित करना और फिर उसे प्रसादरूप से ग्रहण करना भी निष्कीलन अथवा शापोद्धार का ही विशेष प्रकार है।इसका अर्थ यह है कि भक्त हमेशा देवी मां भगवती की आधीनता में रहे और जो भी वह अर्जित करे उसे प्रसादरूप में ग्रहण करे। स्त्रियों में जो कुछ भी सौभाग्य आदि दृष्टिगोचर होता है, वह सब देवी मां के प्रसाद का ही फल हैं इस कल्याणमय का पाठ साथ ही करते रहना चाहिए। भगवान शिव कहते हैं कि जिनके प्रसाद से ऐश्वर्य, सौभाग्य, आरोग्य, संपत्ति, शत्रुनाश तथा परम मोक्ष की सिद्धि होती है, उस कल्याणमयी मां के पाठ को और स्तुति को मनुष्य क्यों नहीं करते?

सबका आत्मा एक है

गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने कहा है कि सबका आत्मा एक है। यह स्थिर है तथा कहीं आता-जाता नहीं है। लोग कहते हैं कि उसकी आत्मा यहां है, वहां है, भटक रही है, यह गलत है। आत्मा शाश्वत और सदा रहने वाली है। गीता में भगवान ने कहा है कि आत्मा न शस्त्र से कटती हे, न आग में जलती है, न हवा इसे सुखा सकती है, न पानी इसे गला सकता है। जो लोग भूत-प्रेत की बात करते हैं वह सब निराधार है जबकि किसी को अपनी आत्मा का भी नहीं पता।

